प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री– शताब्दी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभीसमझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारतको खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने जैव विविधता से आगे बढ़कर जैव–खुशी की दूरदर्शी अवधारणा दी। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान में उनके अग्रणी कार्य के लिए डॉक्टर स्वामीनाथन की व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी उनके विचार देश के कृषि क्षेत्र में दिखाई देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को प्रोफेसर स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले दस वर्षों में हथकरघा क्षेत्र को देश भर में एक नई पहचान और मजबूती मिली है।

राष्ट्रपति–हथकरघा दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। वस्त्र मंत्रालय के इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जीवंत हथकरघा क्षेत्र और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक पहचान में इसके योगदान को सम्मानित करना है। देश भर से लगभग छह सौ पचास बुनकर, विदेशी खरीदार, प्रतिष्ठित व्यक्ति, निर्यातक और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस समारोह में भाग लेंगे। समारोह में इस क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिमाचल प्रदेश में क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़कों और पुलों की मुरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों में तेजी लाए जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर इस संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की और प्रदेश में हाल ही में आई भीषण आपदा से उत्पन्न परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय मंत्री को वर्षा प्रभावित प्रदेश के विभिन्न जिलों की स्थिति से अवगत करवाते हुए अनुरोध किया कि राज्य की क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलों का पुनर्निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हुए हैं। लगातार हो रही मानसून की वर्षा से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश से हुई भूस्खलन जैसी घटनाओं से अभी तक प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 93 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं जबकि एक हजार एक सौ 20 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 45 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। इस बीच बीती रात शिमला जिला के रामपुर के दरशाल में बादल फटने से तकलेच बाजार के नाले में बाढ़ आई है। हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। राज्य में वर्षा जनित घटनाओं में अब तक एक सौ 99 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग अभी भी लापता हैं। इस घटनाओं में मंडी जिला सबसे प्रभावित जिला है जिसमें अब तक 42 लोग मौत का ग्रास बन चुके हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की सी मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है।

राजीव बिंदल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि आपदा के इस दौर में प्रदेश सरकार दया और सेवा भाव से विपरीत अमानवीय कृत्य करने पर उतारू हो गई है। मंडी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला में आई आपदा पर सरकार की पहली प्राथमिकता राहत पहुंचाने की होनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने आपदा प्रभावितों पर राहत के बजाय थाने के चक्कर लगवाने का निंदनीय कार्य किया है जिसकी भाजपा कड़े शब्दों में निंदा करती है।

हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार जो श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में चल रही है वो दया के भाव के विपरीत अमानवीय कृत्य के उपर उतारू है। जहां राहत का सवाल था, राहत देने के बजाए 60 से अधिक लोगों के उपर तीन प्रकार के मुकद्दमे और भारतीय जनता पार्टी इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार सृजन और कौशल विकास की दिशा में अभिनव कदम उठा रही है। शिमला में कौशल विकास निगम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में राज्य के युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से नवाचार को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर हिमाचल का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस दौरान राजेश धर्माणी ने बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार कर उसे प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए।